अनुक्रमांक /Roll No. | | | |

कुल प्रश्नों की संख्या : 100
Total No. of Questions: 100

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 39
No. of Printed Pages: 39

Suitability Test-22

प्रथम प्रश्न–पत्र

First Question Paper

Time Allowed- 3:00 Hours (Including 2nd Que. Paper)
समय – 3:00 घण्टे (द्वितीय प्रश्न पत्र के साथ ही)

Maximum Marks- 100
पूर्णांक –100

निर्देश : –
Instructions:-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्न के अंक समान हैं।ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

   All questions are compulsory. All questions shall carry equal Marks. There is no negative marking.

2. प्रश्न पत्र में प्रश्नों की निर्धारित संख्या 100 हैं । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि उसके प्रश्न–पत्र में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित है, अन्यथा वह दूसरा प्रश्न पत्र मांग लें ।

   The question paper contains 100 questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the question paper, otherwise he/she should ask for another question paper.

3. प्रश्न पत्र के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न–पत्र में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई हैं। परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि उसके प्रश्न–पत्र में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरा प्रश्न–पत्र मांग लें ।

   The cover page indicates the number of pages in the question paper. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the question paper, otherwise he/she should ask for another question paper.

4. प्रदत्त उत्तर शीट पर दिये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदानुसार अंकित करें।

   Read carefully the instructions given on the answer sheet supplied and indicate your answers accordingly.

5. कृपया उत्तरशीट पर निर्धारित स्थानों पर निर्धारित प्रविष्टियां कीजिये, अन्य स्थानों पर नहीं ।

   Kindly make the necessary entries on the answer sheet only at the places specified, nowhere else.

6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा।

   If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will prevails.

P.T.O.

Code of Civil Procedure, 1908

प्र.क्र. 1– आदेश 18 नियम 4 के अंतर्गत शपथ पत्र पर दिया गया मुख्य कथन निम्नलिखित प्रकार के प्रकरणों में अभिलेख पर लिया जावेगा –
(अ) मोटरयान दुर्घटना दावा अधिनियम 1988 से संबंधित प्रकरणों में
(ब) कॉमर्शियल कोर्ट्स एक्ट, 2015 से संबंधित प्रकरणों में
(स) विद्वेषपूर्ण अभियोजन से संबंधित प्रकरणों में
(द) उपरोक्त सभी में

Que. An affidavit of examination in chief under Order XVIII rule 4 can be taken in evidence in following cases -
(a) The cases related to Motor Vehicle Act, 1988
(b) The cases related to Commercial Courts Act, 2015
(c) The cases related to malicious prosecution
(d) All of the above

प्र.क्र. 2– आदेश 41 नियम 23ए के तहत मामले को रिमांड करते हुए अपीलीय अदालत निम्नलिखित तरीके से फैसला सुनाएगी –
(अ) व्यय पत्रक सहित आदेश पारित किया जावे।
(ब) निर्णय एवं डिक्री उद्घोषित किया जावे।
(स) बिना डिक्री के निर्णय घोषित की जावे।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Que. While remanding a case under order 41 rule 23A, the appellate court would pronounce the judgment in following manner -
(a) Pass a order along with cost memo
(b) Pronounce the judgment along with decree
(c) Pronounce a judgment without a decree
(d) None of the above

प्र.क्र. 3– सुनवाई हेतु नियत दिनांक पर अदम पैरवी में निष्पादन प्रकरण को किस निम्नलिखित प्रावधान के अंतर्गत खारिज किया जा सकेगा–
(अ) आदेश 21 नियम 103 सी.पी.सी.
(ब) आदेश 21 नियम 104 सी.पी.सी.
(स) आदेश 21 नियम 105 सी.पी.सी.
(द) आदेश 21 नियम 106 सी.पी.सी.

Que. Under which of the following provision, the execution case can be dismissed due to non-appearance on due date of hearing -
(a) Order 21 rule 103 of CPC
(b) Order 21 rule 104 of CPC
(c) Order 21 rule 105 of CPC
(d) Order 21 rule 106 of CPC

प्र.क्र. 4–. न्यायालय किसी भी व्यक्ति को उपस्थिति के लिए विवश कर सकता है जिसे धारा 30 के तहत समन जारी किया गया है और व्यतिक्रम की दशा में न्यायालय शास्ति के रूप में जुर्माना अधिरोपित कर सकता है, जो निम्नलिखित राशि से अधिक नहीं होगी –

(अ) एक हजार रूपये
(ब) तीन हजार रूपये
(स) पांच हजार रूपये
(द) दस हजार रूपये

Que. The Court may compel the attendance of any person to whom a summons has been issued under Section 30 and in case of default, the Court may impose a fine as a penalty which may not exceeding the following amount-

(a) Rs. One thousand
(b) Rs. Three thousand
(c) Rs. Five thousand
(d) Rs. Ten thousand

प्र.क्र. 5– आदेश 23 नियम 1 (3) सी.पी.सी. के अंतर्गत नवीन वाद प्रस्तुत करने की अनुमति के साथ प्रथम वाद वापस लेने की दशा में, नवीन वाद की परिसीमा के संबंध में सही स्थिति क्या है?

(अ) परिसीमा की विधि उसी तरह से लागू होगी, मानो प्रथम वाद संस्थित नहीं किया गया हो।
(ब) प्रथम वाद के दौरान व्यतीत की गई अवधि को परिसीमा की अवधि से छूट दी जाएगी।
(स) यह सक्षम न्यायालय के विवेक पर निर्भर करेगा, जिसमें नवीन वाद दायर किया गया है।
(द) यह उस न्यायालय पर निर्भर करेगा जिसने प्रथम वाद को वापस लेने की अनुमति दी थी।

Que. In case of withdraw a suit after taking permission to institute a fresh suit in term of order 23 rule 1 (3) CPC. What is correct position regarding limitation of fresh suit ?

(a) Law of limitation will apply in the same manner as if the first suit had not been instituted.
(b) The period spent in first suit would be exempted from the period of limitation.
(c) It will depend upon the discretion of the competent court, in which the fresh suit has been filed.
(d) It will depend upon the Court from which the permission of withdrawal of the first suit was granted.

प्र.क्र. 6– सी.पी.सी. के आदेश 43 नियम 1 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किस आदेश के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती है ?

(अ) आदेश 9 नियम 13 सी.पी.सी. के आवेदन को स्वीकृत किये जाने का आदेश
(ब) आदेश 9 नियम 13 सी.पी.सी. के आवेदन को अस्वीकृत किये जाने का आदेश
(स) आदेश 39 नियम 1 व 2 सी.पी.सी. के आवेदन को स्वीकृत किये जाने का आदेश

(द) आदेश 39 नियम 1 व 2 सी.पी.सी. के आवेदन को अस्वीकृत किये जाने का आदेश

Que. Under Order 43 rule 1 of the CPC, the appeal cannot be filed against which of the following order?

(a) The order of allowing the application under order 9 rule 13 of the CPC.

(b) The order of rejecting the application under order 9 rule 13 of the CPC.

(c) The order of allowing the application under order 39 rule 1 & 2 of the CPC.

(d) The order of rejecting the application under order 39 rule 1 & 2 of the CPC.

प्र.क्र. 7– जहां कोई भी पक्ष सुनवाई की समाप्ति के बाद और निर्णय सुनाए जाने से पूर्व मृत हो जाता है–

(अ) मुकदमा शमित हो जायेगा।

(ब) मुकदमा शमित नहीं होगा।

(स) वाद दोबारा से साक्ष्य की अवस्था से आ जायेगा।

(द) यह माना जाएगा कि निर्णय किसी पक्ष की मृत्यु के बाद सुनाया गया है।

Que. Where any party dies after conclusion of hearing and before pronouncing of Judgement -

(a) The suit shall abate.

(b) The suit shall not abate.

(c) Case will start again from the stage of evidence.

(d) It will be deemed that judgement has been pronounced after death of a party.

प्र.क्र. 8– व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के अंतर्गत नोटिस के लिये विहित समयावधि है :

(अ) 90 दिन

(ब) 60 दिन

(स) तीन माह

(द) दो माह

Que. Under Section 80 of the Civil Procedure Code, the period of notice is-

(a) Ninety days

(b) Sixty days

(c) Three months

(d) Two months

प्र.क्र.9 जहां एकपक्षीय जयपत्र के विरूद्ध प्रस्तुत अपील अपीलार्थी ने वापस ले ली है, वहां एकपक्षीय जयपत्र को अपास्त करने के लिए आदेश 9 नियम 13 सि.प्र.सं. के अंतर्गत आवेदन –

(अ) अस्वीकृत किया जाएगा

(ब) वापस किया जाएगा

(स) पोषणीय होगा
(द) अपीलीय न्यायालय की राय के लिए निर्देशित किया जावेगा

Que. Where the appellant has withdrawn the appeal preferred against a ex-parte decree, the application under Order 9 Rule 13 of CPC, -
(a) Will be rejected
(b) Will be returned
(c) Will be maintainable
(d) Will be referred for opinion of the Appellate Court

प्र.क्र. 10– आदेश 7 नियम 11 के तहत वाद नामंजूर किए जाने पर –
(अ) उसी वाद हेतुक पर नया वाद नहीं लाया जा सकता।
(ब) उसी वाद हेतुक पर नया वाद लाया जा सकता है।
(स) रिवीजन न्यायालय के आदेश के आधार पर नया वाद लाया जा सकेगा।
(द) उच्च न्यायालय के रिट में पारित आदेश के आधार पर नया वाद लाया जा सकेगा।

Que. In case of rejection of plaint under Order 7 Rule 11 -
(a) No suit can be brought on the same cause of action.
(b) Suit can be brought on the same cause of action.
(c) On the basis of order passed by Revisional Court, new suit can be brought.
(d) On the basis of order passed in Writ Petition by High Court, new suit can be brought.

प्र.क्र. 11– व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 24 के अतंर्गत किसी वाद के संबंध में अन्तरण और प्रत्याहरण की शक्ति अन्तनिहित है :
(अ) केवल उच्च न्यायालय को है।
(ब) उच्च न्यायालय व जिला न्यायालय को है।
(स) उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय व जिला जज तीनों को है।
(द) केवल जिला न्यायालय को है।

Que. Powers under S. 24 of Code of Civil Procedure regarding transfer and withdrawal of a suit are vested -
(a) Only in High Court.
(b) In High Court and District Court.
(c) In Supreme Court, High Court and District Court.
(d) Only in District Court.

प्र.क्र. 12– पृथक विचारण का आदेश दिया जा सकेगा –
(अ) जहाँ एक ही वाद में वाद हेतुक के संयोजन से विचारण में उलझन या विलम्ब हो जायेगा या ऐसा करना असुविधाजनक होगा।
(ब) सिर्फ उच्च न्यायालय के आदेश पर
(स) जिला न्यायाधीश के आदेश पर
(द) (ब) एवं (स) दोनों सही हैं।

Que. Order for separate trials may be passed -
(a) Where joinder of cause of action in one suit may embarrass or delay the trial or is otherwise inconvenient.
(b) Only on the orders of High Court.
(c) On orders of District Judge
(d) (b) and (c) both are correct

प्र.क्र. 13– डिक्री के संबंध में क्या सही नहीं है –
(अ) डिक्री न्यायनिर्णयन की प्ररूपिक अभिव्यक्ति है जो, जहाँ तक कि वह उसे अभिव्यक्त करने वाले न्यायालय से संबंधित है, वाद के सभी या किन्ही विवादग्रस्त विषयों के संबंध में पक्षकारों के अधिकारों का निश्चायक रूप से अवधारण करती है।
(ब) डिक्री प्रारम्भिक या अन्तिम हो सकेगी।
(स) डिक्री के अंतर्गत वादपत्र का नामंजूर किया जाना शामिल है
(द) डिक्री के अंतर्गत धारा 144 के भीतर के किसी प्रश्न का अवधारण नहीं आता है।

Que. What is not correct regarding a Decree -
(a) Decree means the formal expression of an adjudication which, so far as regards the Court expressing it, conclusively determines the rights of the parties with regard to all or any of the matters in controversy.
(b) It may be either preliminary or final
(c) It includes the rejection of plaint.
(d) It does not include determination of any question within section 144.

प्र.क्र. 14– अंतःकालीन लाभ के अंतर्गत सम्मिलित नहीं है ?
(अ) लाभ जो सम्पत्ति पर सदोष कब्जा रखने वाले व्यक्ति को वस्तुतः प्राप्त होता है
(ब) लाभ जो सम्पत्ति पर सदोष कब्जा रखने वाला व्यक्ति मामूली तत्परता से प्राप्त कर सकता है
(स) सदोष कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा प्राप्त किये गये लाभों पर ब्याज
(द) सदोष कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा की गई अभिवृद्धियों के कारण हुए लाभ

Que. "Mesne profits" do'es not include :
(a) Profit which a person in wrongful possession of property has actually received
(b) Profit which a person in wrongful possession of property might with ordinary diligence have received
(c) Interest on the profit received by a person in wrongful possession of property
(d) Profits due to improvement made by the person in wrongful possession of property

प्र.क्र. 15– कार्यवाही जिससे एक डिक्रीधारी तीसरे पक्ष के पास रखी देनदार (judgment debtor) की राशि या सम्पत्ति से किसी डिक्री का निष्पादन करता है, उसे कहा जाता है:
(अ) एक अंतर अभिवचनीय वाद

(ब) मध्यवर्ती लाभ
(स) गार्निशी आदेश
(द) प्रस्थापन

Que. Proceedings by which a decree holder seeks to recover money or property of judgment debtor in the hands of third party, is known as :
(a) Inter pleader suit
(b) Mesne profit
(c) Garnishee order
(d) Subrogation

प्र.क्र. 16– आदेश 11 लागू होगा :
(अ) अवयस्क वादी पर
(ब) अवयस्क प्रतिवादी पर
(स) निर्योग्यताधीन व्यक्तियों के वाद मित्रों और वादार्थ संरक्षकों को
(द) उपरोक्त सभी पर

Que. Order 11 shall apply to:
(a) Minor plaintiff
(b) Minor defendant
(c) The next friends and guardians for the suits of persons under disability
(d) All the above

प्र.क्र. 17– वाद मित्र या वादार्थ संरक्षक द्वारा न्यायालय की अभिलिखित इजाजत के बिना किया गया कोई करार या समझौता होगा :
(अ) अवयस्क से भिन्न सभी पक्षकारों के विरूद्ध शून्य
(ब) अवयस्क से भिन्न सभी पक्षकारों के विरूद्ध शून्यकरणीय
(स) शून्य
(द) शून्यकरणीय

Que. Without the leave of the court any agreement or compromise by next friend or guardian for the suit shall :
(a) Void against all the parties other than minor
(b) Voidable against all the parties other than minor
(c) Void
(d) Voidable

Limitation Act, 1963

(Section 3, 5 to 14, 27 & 29 Articles 64, 65 & 137)

प्र.क्र. 18– "आधिपत्य के प्रत्युद्धरण और स्वत्व की घोषणा के लिये वाद–प्रतिकूल आधिपत्य के आधार पर स्वत्व अधिकार प्राप्त करने वाला व्यक्ति अनुच्छेद 65 के अंतर्गत वाद प्रस्तुत कर सकता है।" यह सिद्धांत माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अधोलिखित न्यायदृष्टांत में प्रतिपादित किया गया है।

(अ) गुरूद्वारा साहिब वि. ग्राम पंचायत ग्राम सिरथला एवं अन्य, (2014) 1 एस.सी.सी. 669
(ब) ऋषभ चंद जैन एवं अन्य वि. गिनेश चंद्र जैन, 2017 (1) एम.पी.एल.जे. 1 (एस.सी.)
(स) रविन्दर कौर ग्रेवाल एवं अन्य वि. मनजीत कौर एवं अन्य, ए.आई.आर. 2019 एस.सी. 3827
(द) पंजाब स्टेट सिविल सप्लाइ कॉर्पोरेशन लि. एवं अन्य वि. रमेश कुमार व कंपनी लि., ए. आई.आर. 2021 एस.सी. 5758

Que. "Suit for declaration of title and for restoration of possession, a person perfecting title by virtue of adverse possession can maintain a suit under Article 65." This principle has been pronounced by the Hon'ble Apex Court in the following citation -

(a) Gurudwara Sahib v. Gram Panchayat Village Sirthala and another, (2014) 1 SCC 669
(b) Rishabh Chand Jain & anr. vs. Ginesh Chandra Jain, 2017(1) MPLJ 1 (SC)
(c) Ravinder Kaur Grewal and ors. v. Manjit Kaur and ors., AIR 2019 SC 3827
(d) Punjab State Civil Supplies Corporation Ltd. and anr v. Ramesh Kumar and Company and ors., AIR 2021 SC 5758

प्र.क्र. 19– पूर्ववर्ती कब्जे के आधार पर अचल संपत्ति के कब्जे का वाद जबकि वादी का संपत्ति पर कब्जा होते हुए उसे बेकब्जा कर दिया गया हो, परिसीमा अधिनियम, 1963 के निम्न अनुच्छेद से शासित होगा –

(अ) अनुच्छेद 64
(ब) अनुच्छेद 65
(स) अनुच्छेद 68
(द) अनुच्छेद 137

Que. Suit for possession of immovable property based on previous possession when the plaintiff while in possession of the property has been dispossessed will be governed by the following article of Limitation Act, 1963-

(a) Article 64
(b) Article 65
(c) Article 68
(d) Article 137

प्र.क्र. 20– धारा 4 से 24 मे अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन विहित काल के पश्चात हर संस्थित वाद में, की गई अपील और किया गया आवेदन खारिज कर दिया जायेगा परन्तु

(अ) केवल प्रतिरक्षा के तौर पर जवाब में परिसीमा की बात उठाने पर ही।
(ब) प्रतिरक्षा के तौर पर जवाब में परिसीमा की बात उठाना आवश्यक नहीं है।
(स) अपील या आवेदन में हुए विलम्ब को क्षमा करने हेतु आवेदन पेश नहीं किया जा सकता।
(द) वाद प्रस्तुति में हुए विलम्ब को क्षमा करने हेतु धारा 5 के अतंर्गत आवेदन पेश किया जा सकता है।

Que. Subject to provisions contained in Sections 4 to 24 every suit instituted, appeal preferred and application made after the prescribed period shall be dismissed but -

(a) only on set up as defence in reply about limitation
(b) it is not necessary to set up as defence in reply about limitation
(c) no application for condonation in appeal or application can be filed
(d) For condonation of delay in filing suit, an application under S. 5 can be filed

प्र.क्र. 21– मर्यादा अधिनियम के प्रावधान –

(अ) संविदा अधिनियम पर लागू नहीं होते हैं
(ब) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 25 पर प्रभाव नहीं डालते हैं
(स) संपत्ति अंतरण अधिनियम पर प्रभाव नहीं डालते हैं
(द) उपरोक्त तीनों गलत हैं।

Que. Provisions of Limitation Act -

(a) Are not applicable to Indian Contract Act
(b) Not affect provisions of S. 25 of Contract Act
(c) Are not applicable to Transfer of Property Act
(d) All the above three are wrong

प्र.क्र. 22– अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत अप्राप्तवय में सम्मिलित है :

(अ) सात वर्ष की आयु से कम का बालक
(ब) पंद्रह वर्ष की आयु से कम का बालक
(स) अठारह वर्ष की आयु से कम का बालक
(द) गर्भस्थ अपत्य

Que. Under section 6 of the Act, a 'minor' includes :

(a) Child Below the age of 7 years
(b) Child Below the age of 15 years
(c) Child Below the age of 18 years
(d) Child in the womb

Specific Relief Act, 1963

(Chapter I - Section 5, 6, 7 & 8, Chapter VI - Section 34 & 35, Chapter VIII - Section 38 & 41)

प्र.क्र. 23– धारा 6 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के अंतर्गत स्थावर संपत्ति के कब्जे के लिए वाद लाया जा सकता है, बेदखली से ..... के अंदर ।

(अ) 6 माह
(ब) एक वर्ष
(स) तीन वर्ष
(द) बारह वर्ष

Que. A suit for possession of an immovable property, under section 6 of Specific Relief Act can be filed within ..... of dispossession.
(a) 6 months
(b) 1 year
(c) 3 year
(d) 12 year

प्र.क्र. 24– धारा 35 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अनुसार, विधिक हैसियत की घोषणा के वाद में प्रदत्त एक घोषणात्मक डिक्री आबद्धकर है–
(अ) केवल वाद के पक्षकारों पर
(ब) कोई भी पक्ष जो ट्रस्टी हो
(स) वादी और प्रतिवादी के माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति पर
(द) उपरोक्त सभी पर

Que. According to Section 35 of the Specific Relief Act, a declaratory decree given in a suit for declaration of legal character is binding on the -
(a) Only on the parties of the suit
(b) Where any of the parties are trustees
(c) person claiming through any of the plaintiff or defendant
(d) all of the above

प्र.क्र. 25– कोई व्यक्ति जो किसी विधिक हैसियत का या किसी सम्पत्ति के बारे में किसी अधिकार का हकदार हो, सम्पत्ति पर कब्जाधारी जो उसकी ऐसी हैसियत का या ऐसे अधिकार का प्रत्याख्यान करता है के विरुद्ध –
(अ) मात्र घोषणा की सहायता का दावा प्रस्तुत कर सकता है
(ब) उसे कब्जे व घोषणा की सहायता का दावा प्रस्तुत करना होगा।
(स) मात्र घोषणा व क्षतिपूर्ति की सहायता का दावा प्रस्तुत कर सकता है
(द) मात्र घोषणा व किराये की सहायता का दावा प्रस्तुत कर सकता है

Que. Any person entitled to any legal character, or to any right as to any property, may institute a suit against any person having possession over the property and denying his title to such character or right
(a) can bring a suit only for the relief of declaration
(b) he has to file suit for the relief of possession and declaration
(c) he can file suit only for relief of declaration and compensation
(d) he can file suit only for relief of declaration and rent

प्र.क्र. 26– 'जहां कि व्यादेश न्यायिक कार्यवाहियों के बाहुल्य निवारित करने के लिए आवश्यक हो,' किस धारा से संबंधित है :
(अ) धारा 35
(ब) धारा 38(2)
(स) धारा 38(3)(ग)
(द) धारा 38(3)(घ)

Que. Where the injunction is necessary to prevent a multiplicity of judicial proceeding provided under which section :

(a) Section 35
(b) Section 38 (2)
(c) Section 38(3)(c)
(d) Section 38(3)(d)

प्र.क्र. 27– निम्नलिखित में से कौन सी शर्त अधिनियम की धारा 8 की प्रयोज्यता के लिए आवश्यक नहीं है?

(अ) दावाकृत वस्तु प्रतिवादी द्वारा वादी के न्यासी के रूप में धारित हो
(ब) वादी वस्तु का तुरंत आधिपत्य प्राप्ति का पात्र हो
(स) सम्पत्ति अचल सम्पत्ति होना चाहिए
(द) वस्तु का कब्जा वादी के आधिपत्य से सदोषतः अंतरित कराया गया हो

Que. Which of the following is not the necessary condition for applicability of section 8 of the Act ?

(a) The thing claimed is held by the defendant as the trustee of the plaintiff
(b) The plaintiff must be entitled to immediate possession of the article
(c) Property must be Immovable property
(d) Possession of the thing claimed has been wrongfully transferred from the plaintiff

Motor Vehicle Act, 1988

प्र.क्र. 28– मोटरयान अधिनियम,1988 की किस धारा के अंतर्गत संरचनात्मक सूत्र के आधार पर मुआवजे के भुगतान का विशेष प्रावधान किया गया है–

(अ) धारा 140
(ब) धारा 163
(स) धारा 166
(द) उपरोक्त में कोई नहीं

Que. Under which section of the Motor Vehicle Act, 1988 special provision as to payment of compensation on structured formula basis, is provided ?

(a) Section 140
(b) Section 163
(c) Section 166
(d) none of these

प्र.क्र. 29– नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि. वि. प्रणय सेठी एवं अन्य, ए.आई.आर. 2017 एस.सी. 5157 के न्यायदृष्टांत में यदि मृतक एक निश्चित वेतन पर या स्वनियोजन में था, तो उसकी स्थापित आय में उसकी भविष्य की संभावना के लिये कितने प्रतिशत राशि जोड़ी जावेगी, जहां मृतक की उम्र 50 से 60 के बीच में हो ?

(अ) 10 प्रतिशत
(ब) 15 प्रतिशत
(स) 25 प्रतिशत
(द) इनमें से कोई नहीं

Que. According to the citation of **National Insurance Company limited Vs. Pranay Sethi and others, AIR 2017 SC 5157**, In case the deceased was self employed or on a fixed salary, what would be the addition for future prospectus in percentage of his established income, where deceased was between the age of 50 to 60 years ?
(a) 10%
(b) 15%
(c) 25%
(d) None of the above

प्र.क्र.30– मोटरयान अधिनियम में वर्ष 2019 में हुए संशोधन के अनुसार धारा 164 के अंतर्गत त्रुटिरहित दायित्व के अंतर्गत –
(अ) मृत्यु के मामले में पांच लाख रुपये या गंभीर क्षति के मामले में दो लाख पचास हजार रुपये की निश्चित राशि मृतक के वारिसों को या उपहत को, जैसा भी मामला हो देय है।
(ब) मृत्यु के मामले में दो लाख रुपये व गंभीर क्षति के मामले में पचास हजार रुपये की निश्चित राशि देय है।
(स) मृत्यु के मामले में बारह लाख रुपये व गंभीर क्षति के मामले में छह लाख रुपये की निश्चित राशि देय है।
(द) दावेदार की आय के अनुपात में सरला वर्मा वाले मामले में दिए गए दिशा निर्देशों अनुसार राशि देय होगी।

Que. As per amendments made in the year 2019 in Motor Vehicles Act under Section164 in case of no-fault liability –
(a) Compensation of a sum of Rs. five lakh in case of death or of two & half lakh rupees in case of grievous hurt to the legal heirs or the victim, as the case may be is payable.
(b) A fix amount of Rs. Two lakh in case of death and Fifty thousand rupees in case of grievous hurt is payable.
(c) A fix amount of Rs. Twelve lakh in case of death and Six lakh rupees in case of grievous hurt is payable.
(d) Compensation will be payable in proportion to income of claimant as directed in case of Sarla Verma.

प्र.क्र. 31– रेस इप्सा लाक्विटुर (परिस्थितियां स्वयं बोलती हैं) का सिद्धांत –
(अ) मोटर दुर्घटना दावा मामलों में लागू नहीं है।
(ब) मोटर दुर्घटना दावा मामलों में लागू है।
(स) भारत के मोटर दुर्घटना दावा न्यायालयों में लागू नहीं है।
(द) न्यायालय का विवेक है कि इसे लागू करे या न करे।

Que. The maxim res ipsa loquitur (the thing speaks for itself) –
(a) Not applicable in motor accident claims cases.
(b) Applicable in motor accident claims cases.
(c) Not applicable in Indian motor accident claims Courts.
(d) It is discretion of a Court to apply it or not.

प्र.क्र. 32– किस मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह अवधारित किया है कि सभी परिस्थितियों में अधिकरण के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह आहत द्वारा प्रस्तुत विकलांगता प्रमाण पत्र को सीधे ही स्वीकार करे ?
(अ) डी. सम्पत बनाम यूनाईटेड इण्डिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अन्य
(ब) मास्टर मल्लिकार्जुन बनाम डिवीजनल मैनेजर नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अन्य
(स) नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम प्रणय सेठी और अन्य
(द) राजकुमार बनाम अजय कुमार और अन्य

Que. In which case Hon'ble Supreme Court held that under all circumstances it is not necessary that the Tribunal has to blindly accept disability certificate produced by the injured ?
(a) D. Sampath Vs United India Insurance Co. Ltd. and ors.
(b) Master Mallikarjun Vs Divisional Manager National Insurance Company Ltd. and ors.
(c) National Insurance Co. Ltd. Vs Pranay Sethi and ors.
(d) Raj Kumar Vs Ajay Kumar and ors.

Code of Criminal Procedure, 1973

प्र.क्र.33– यदि अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय है तो उसके संज्ञान लेने की परिसीमा क्या होगी –
(अ) 3 माह
(ब) 6 माह
(स) 1 वर्ष
(द) 3 वर्ष

Que. If the offence is punishable with fine only, the period of limitation for taking cognizance of it shall be -
(a) 3 months
(b) 6 months
(c) 1 year
(d) 3 years

प्र.क्र. 34– प्रथम सूचना रिपोर्ट में एक अपराध संज्ञेय हो तथा दूसरा असंज्ञेय हो, तब अपराध क्या कहलायेगा–
(अ) संज्ञेय
(ब) असंज्ञेय
(स) वारंट केस
(द) समंस केस

Que. In a first information report an offence is cognizable and other is non - cognizable, the whole case shall be deemed to be -
(a) Cognizable
(b) Non-cognizable
(c) Warrant case
(d) Summons case

प्र.क्र.35– यदि एक आपराधिक अपील में एक अभियुक्त की मृत्यु हो जाती है और उसके निकट संबंधी अपील जारी रखना चाहते हैं, तो उन्हें कितनी अवधि के भीतर आवेदन करना होगा–
(अ) 120 दिन
(ब) 90 दिन
(स) 60 दिन
(द) 30 दिन

Que. If in a criminal appeal an accused dies and his near relatives wish to continue the appeal, then within how much period they must apply ?
(a) 120 days
(b) 90 days
(c) 60 days
(d) 30 days

प्र.क्र. 36– भोपाल में एक नाबालिग लड़की अपने पिता के साथ रहती थी। वह आरोपी से घनिष्ठ हो गई और आरोपी के साथ टैक्सी से भोपाल से छिंदवाड़ा भाग गई। कुछ समय बाद, वे अंततः बैतूल में बस गए। अपहरण के अपराध का विचारण किया जा सकता है–
(अ) भोपाल में
(ब) छिंदवाड़ा में
(स) बैतूल में
(द) उपरोक्त वर्णित किसी भी जगह

Que. A minor girl lived with her father at Bhopal. She became intimate with the accused and ran away with the accused from Bhopal to Chhindwara in a taxi. After some time, they eventually settled in Baitul. An offence of kidnapping may be tried -
(a) at Bhopal
(b) at Chhindwara
(c) at Baitul
(d) at any place mentioned above.

प्र.क्र. 37– एक मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में अन्तर्विष्ट होना चाहिए –
(अ) अभियुक्त का नाम एवं पता
(ब) मृत्यु के दृश्यमान कारण
(स) हथियारों का विवरण
(द) घटना के साथ, घटना के समय व स्थान का विवरण

Que. An inquest report must contain :
(a) The names and address of accused
(b) The apparent cause of death
(c) The details of weapons
(d) The details of incident along with time and place of incident.

प्र.क्र. 38– दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 265ए के अंतर्गत 'अभिवाक सौदेबाजी' कितनी अवधि तक के कारावास से दण्डनीय अपराध के लिए प्रयोज्य है ?
(अ) 05 साल
(ब) 07 साल
(स) 02 साल
(द) 03 साल

Que. Under section 265A of the Cr.P.C., plea bargaining is applicable for offences punishable with imprisonment for a term which may extend to ?
(a) 05 years
(b) 07 years
(c) 02 years
(d) 03 years

प्र.क्र. 39– दण्ड प्रकिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2005 के माध्यम से नमूना हस्ताक्षर या हस्तलेख देने के लिए किसी व्यक्ति को आदेश देने की मजिस्ट्रेट की शक्ति किस धारा में प्रविष्टित की गई है ?
(अ) धारा 310 क दं.प्र.सं.
(ब) धारा 311 क दं.प्र.सं.
(स) धारा 312 क दं.प्र.सं.
(द) धारा 313 क दं.प्र.सं.

Que. The power of Magistrate to order to a person to give specimen signature or handwriting has been inserted by Criminal Procedure (Amendment) Act 2005 under section ?
(a) 310 A Cr.P.C.
(b) 311 A Cr.P.C.
(c) 312 A Cr.P.C.
(d) 313 A Cr.P.C.

प्र.क्र. 40– निम्न में से किस मामले में एसिड अटैक के मामलों में क्षतिपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं
(अ) हरिशंकर वि. म.प्र. राज्य 1996 जेएलजे 442
(ब) विनुभाई हरीभाई मालविय व अन्य वि. गुजरात राज्य व अन्य, 2019 एससीसी ऑनलाईन एससी 1346
(स) लक्ष्मी वि. युनियन ऑफ इंडिया, (2014) 4 एससीसी 427
(द) दामोदर शर्मा व अन्य वि. नाथूराम जाटव व अन्य 2007 (2) एमपीएचटी 111

Que. In which of the following case, directions of granting compensation in Acid attack cases has been issued.

(a) Harishankar v. State of M. P. 1996 JLJ 442

(b) Vinubhai Haribhai Malviya and ors. V. State of Gujrat and anr., 2019 SCC online SC 1346

(c) Laxmi vs. Union of India, (2014) 4 SCC 427

(d) Damodar Sharma and others v. Nathuram Jatav and another 2007 (2) MPHT 111

प्र.क्र. 41– धारा 164 द.प्र.सं. के अन्तर्गत संस्वीकृतियों और कथनों को अभिलिखित किए जाने के बारे में निम्न में से क्या सही नहीं है।

(अ) कोई महानगर मजिस्ट्रेट या न्यायिक मजिस्ट्रेट चाहे उसे मामले में अधिकारिता हो या न हो अपने से की गई संस्वीकृति या कथन को अभिलिखित कर सकता है।

(ब) भले ही अनुसंधान ऐजेंसी ने न कहा हो, धारा मजिस्ट्रेट को स्वयं साक्षी के अनुरोध पर कथन अभिखित करने के लिय प्राधिकृत करती है।

(स) धारा के अधीन की गई संस्वीकृति या कथन, किसी अपराध के अभियुक्त व्यक्ति के अधिवक्ता की उपस्थिति में श्रव्य–दृश्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से भी अभिलिखित किया जा सकेगा।

(द) संस्वीकृति ऐसे किसी पुलिस अधिकारी द्वारा अभिलिखित नही की जाएगी जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन मजिस्ट्रेट की शक्ति प्रदान की गई है।

Que. Which of the following is not correct regarding confessions and statements recorded under S. 164 CRPC.

(a) Any Metropolitan Magistrate or Judicial Magistrate, whether he has or not has jurisdiction in the case, may record any confession or statement made to him

(b) Section empower Magistrate to record statement on the request of witness even though not asked for the same, by investigating agency.

(c) Any confession or statement made under this sub-section may also be recorded by audio-video electronic means in the presence of the advocate of the person accused of any offence.

(d) No confession shall be recorded by a police officer to whom power of a Magistrate has been conferred under any law for the time being in force.

प्र.क्र. 42– निम्न में से किस मामले में किसी स्त्री की गिरफ्तारी के संबंध में निर्देश स्पष्ट किए गए है।

(अ) अशोक कुमार जैन वि. सेन्ट्रल ब्युरो ऑफ इंवेस्टिगेशन व अन्य 2006 (II) एमपीजेआर 253

(ब) म.प्र. राज्य वि. बदरी यादव व अन्य, 2006 (II) 227 (एससी)

(स) महाराष्ट्र राज्य वि. क्रिश्चियन कम्यूनिटि वेलफेयर कांसिल ऑफ इंडिया (2003) 8 एससीसी 546

(द) संजीव नंदा वि. स्टेट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली 2007 सीआर.एल.जे. 3786

Que. In which of the following case directions regarding arrest of a woman has been clarified.

(a) Ashok Kumar Jain v. Central Bureau of Investigation & Anr. 2006 (II) MPJR 253

(b) State of M.P. v. Badri Yadav & Anr. 2006 (II) 227 (SC)

(c) State of Maharashtra v. Christian community welfare Council of India (2003) 8 SCC 546

(d) Sanjeev Nanda v. State of NCT of Delhi 2007 Cr.L.J. 3786

प्र.क्र. 43– अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य, एआईआर 2014 सु.को. 2756 वाले मामले मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने गिरफ्तारी के संबंध में कई निर्देश दिए हैं। यह मामला ..... से संबंधित था।

(अ) भा.द.वि. की धारा 324 और धारा 25 आयुध अधिनियम

(ब) भा.द.वि. की धारा 498ए एवं धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम

(स) भा.द.वि. की धारा 387

(द) भा.द.वि. की धारा 379

Que. In Arnesh Kumar v. State of Bihar, AIR 2014 SUPREME COURT 2756 Hon'ble Apx Court issued various directions regarding arrest, this case was related to an offence of –

(a) S. 324 IPC and S. 25 Arms Act

(b) S. 498A IPC and S. 4 Dowry Prohibition Act

(c) S. 387 IPC

(d) S. 379 IPC

प्र.क्र. 44– द.प्र.सं. की धारा 403 के अनुसार –

(अ) उच्च न्यायालय जो पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है उसके समक्ष स्वयं या किसी प्लीडर के माध्यम से सुने जाने का अधिकार पक्षकार को है।

(ब) सत्र न्यायालय जो पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है उसके समक्ष स्वयं या किसी प्लीडर के माध्यम से सुने जाने का अधिकार पक्षकार को है।

(स) अभिव्यक्त रूप से उपबंधित के सिवाय न्यायालय जो पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है उसके समक्ष स्वयं या किसी प्लीडर के माध्यम से सुने जाने का अधिकार किसी पक्षकार को नहीं है।

(द) अभिव्यक्त रूप से उपबंधित के सिवाय न्यायालय जो पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है उसके समक्ष स्वयं या किसी प्लीडर के माध्यम से सुने जाने का अधिकार पक्षकार को है।

Que. As per S. 403 of Cr.P.C.

(a) Before High Court exercising powers of revision a party has right to be heard either personally or by pleader.

(b) Before Sessions Court exercising powers of revision a party has right to be heard either personally or by pleader.

(c) Save as otherwise expressly provided, no party has any right to be

heard either personally or by pleader before any Court exercising its powers of revision;

(d) Save as otherwise expressly provided, party has right to be heard either personally or by pleader before any Court exercising its powers of revision;

प्र.क्र. 45– कुछ अपराधों का संज्ञान करने के लिए परिसीमा प्रावधानित है और कुछ दशाओं में समय का अपवर्जन किया जाता है। निम्न में से कौनसी अवस्था सही नहीं हैं।

(अ) परिसीमा–काल की संगणना करने में, उस समय का अपवर्जन किया जाएगा, जिसके दौरान कोई व्यक्ति चाहे प्रथम बार के न्यायालय में या अपील या पुनरीक्षण न्यायालय में अपराधी के विरुद्ध अन्य अभियोजन सम्यक तत्परता से चला रहा है।

(ब) जहाँ किसी अपराध की बाबत अभियोजन का संस्थित किया जाना किसी व्यादेश या आदेश द्वारा रोक दिया गया है वहाँ परिसीमा–काल की संगणना करने में व्यादेश या आदेश के बने रहने की अवधि को, जो अधिकतम छह माह की होगी अपवर्जित कर दिया जाएगा।

(स) जहाँ किसी अपराध के अभियोजन के लिए सूचना दी गई है, या जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन सरकार या किसी अन्य प्राधिकारी की पूर्व अनुमति या मंजूरी किसी अपराध की बाबत अभियोजन संस्थित करने के लिए अपेक्षित है वहाँ परिसीमा–काल की संगणना करने में, ऐसी सूचना की अवधि या, यथा स्थिति, ऐसी अनुमति या मंजूरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक समय अपवर्जित किया जाएगा।

(द) परिसीमा–काल की संगणना करने में, वह समय अपवर्जित कर दिया जाएगा जिसके दौरान अपराधी भारत से या भारत से बाहर किसी राज्य क्षेत्र से, जो केन्द्रीय सरकार के प्रशासन के अधीन है, अनुपस्थित रहा है।

Que. There is limitation provided for taking cognizance for certain offences and in certain conditions time would be excluded. Which of the following is not correct in this regard.

(a) In computing the period of limitation, the time during which any person has been prosecuting with due diligence another prosecution, whether in a Court of first instance or in a Court of appeal or revision, against the offender, shall be excluded:

(b) Where the institution of the prosecution in respect of an offence has been stayed by an injunction or order, then, in computing the period of limitation, the period of continuance of the injunction or order, which may be of maximum six months shall be excluded.

(c) Where notice of prosecution for an offence has been given, or where, under any law for the time being in force, the previous consent or sanction or the Government or any other authority is required for the institution of any prosecution for an offence, then, in computing the period of limitation, the period of such notice or, as the case may be, the time required for obtaining such consent or sanction shall be excluded.

(d) In computing the period of period of limitation, the time during which the offender has been absent from India or from any territory outside India which is under the administration of the Central Government, shall be excluded.

प्र.क्र. 46– सही चुनें – द.प्र.सं. की धारा 319 के अतंर्गत शक्तियों का प्रयोग –
(अ) साक्षी के मुख्य परीक्षण कथन के आधार पर किया जा सकता है।
(ब) सिर्फ बचाव के प्रक्रम पर किया जा सकता है।
(स) सिर्फ निर्णय के प्रक्रम पर किया जा सकता है
(द) अब प्रावधान अनावश्यक हो चुके हैं।

Que. Choose correct one - Power under S. 319 Cr.P.C.
(a) Can be exercised on the basis of examination-in-chief of a witness.
(b) Can be exercised only at the stage of defence.
(c) Can be exercised only at the stage of judgment.
(d) Now the provisions are redundant.

प्र.क्र. 47– धारा 100 के अंतर्गत तलाशी कार्यवाही हेतु क्या आवश्यक नहीं है ?
(अ) तलाशी के लिए मोहल्ले के दो या अधिक स्वतंत्र और प्रतिष्ठित निवासियों को साक्षी बनने के लिए बुलाना
(ब) तलाशी लिये जाने वाले स्थान के अधिभोगी को तलाशी के दौरान हाजिर रहने की अनुज्ञा
(स) तलाशी मेमो पर साक्षियों के हस्ताक्षर
(द) तलाशी सूची पर अभियुक्त के हस्ताक्षर

Que. What is not essential for search procedure under section 100 ?
(a) call upon two or more independent and respectable inhabitants of the locality to become witness of the search
(b) the occupant of the place searched, be permitted to attend during the search
(c) signature of witnesses on the search memo
(d) signature of the accused on the search list

प्र.क्र. 48– वे अनियमितताएं कार्यवाही को दूषित करती है, यदि कोई मजिस्ट्रेट जो विधि द्वारा इस निमित्त सशक्त ना होते हुये, करता है :–
(अ) धारा 94 के अधीन तलाशी वारण्ट जारी करना
(ब) धारा 176 के अधीन मृत्यु–समीक्षा करना
(स) किसी अपराधी का संक्षेपतः विचारण करना
(द) उपरोक्त सभी

Que. The irregularities vitiate the proceedings if any magistrate not being empowered in this behalf, does :
(a) issues search warrant under section 94
(b) holds an inquest under section 176

(c) tries an offender summarily
(d) all the above

प्र.क्र. 49– गिरफ्तारी वारण्ट निष्पादित किया जा सकता है :–
(अ) भारत में किसी भी स्थान पर
(ब) केवल उस राज्य में जहां ऐसा न्यायालय कार्यरत है
(स) केवल उस जिला में जहां ऐसा न्यायालय कार्यरत है
(द) उस न्यायालय की स्थानीय क्षेत्राधिकारिता में

Que. The warrant of arrest may be executed :-
(a) Any place in India
(b) Only in the State where such court is functioning
(c) Only in the District where such court is functioning
(d) Within the local jurisdiction of that court

Indian Evidence Act, 1872

प्र.क्र. 50– एक रजिस्ट्रीकृत विल (इच्छा पत्र) का निष्पादन सिद्ध करने के लिए –
(अ) कम से कम दो अनुप्रमाणक साक्षी को बुलाना होगा
(ब) कम से कम एक अनुप्रमाणक साक्षी को बुलाना होगा
(स) किसी अनुप्रमाणक साक्षी को बुलाना आवश्यक नहीं होगा
(द) रजिस्ट्रार को बुलाना आवश्यक होगा

Que. For proving execution of a registered Will -
(a) Be necessary to call at least two attesting witness
(b) Be necessary to call at least one attesting witness
(c) Not necessary to call any attesting witness
(d) Be necessary to call the Registrar

प्र.क्र. 51– धारा 31 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत स्वीकृतियां –
(अ) निश्चायक सबूत होती हैं
(ब) विबंध के रूप में प्रवर्तित हो सकती है
(स) हमेशा विसंगत होती हैं
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Que. Under section 31 of the Indian Evidence Act, admissions are -
(a) Conclusive proof
(b) May operate as estoppels
(c) Always irrelevant
(d) None of the above

प्र.क्र. 52– धारा 90–ए भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत किसी प्रकरण विशेष में उचित अभिरक्षा से पेश किये गये इलेक्ट्रानिक अभिलेख पर लगाये गये इलेक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में उपधारण करने के लिए ऐसे इलेक्ट्रानिक अभिलेख का ..... वर्ष पुराना होना साबित किया जाना आवश्यक होगा –

(अ) एक वर्ष
(ब) तीन वर्ष
(स) पांच वर्ष
(द) तीस वर्ष

Que. Under Section 90-A of the Indian Evidence Act, to presume about the electronic signature affixed on an electronic record produced from the proper custody in any particular case, such electronic record is required to be proved ..... years old -
(a) one year
(b) three years
(c) five years
(d) thirty years

प्र.क्र. 53– विष द्वारा ख की हत्या करने के लिए क का विचारण किया जाता है, यह तथ्य, कि ख की मृत्यु से पूर्व क ने ख को दिए गए विष के जैसा विष उपाप्त किया था, अंतर्गत ..... सुसंगत है–
(अ) धारा 7 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(ब) धारा 8 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(स) धारा 10 भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(द) धारा 14 भारतीय साक्ष्य अधिनियम

